चैत्र शुक्ल पक्ष-11, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 199 | पेज 6, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

# दोपहर मेट्रो

बेबाक खबर हर दोपहर

भोपाल

12 जनवरी 2025 रविवार

**आज का मौसम**

27 अधिकतम

10 न्यूनतम




मुख्यमंत्री को स्वामी विवेकानंद जयंती पर राज्य शासन द्वारा स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन के शुभारंभ अवसर पर स्वामी विवेकानंद पर 18000 स्क्वायर फीट में बनी विश्व की सबसे बड़ी 3 डी रंगोली के गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज होने का सर्टिफिकेट ऑफ़ एक्सीलेंस प्रदान किया गया।

### राजधानी समेत पूरे प्रदेश में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम, मप्र सरकार का युवा शक्ति मिशन

# सीएम बोले- सपने देखें युवा, 70% युवाओं को स्वरोजगार देगी सरकार

**भोपाल.दोपहर मेट्रो**

स्वामी विवेकानंद की जयंती और राष्ट्रीय युवा दिवस पर आज मप्र सरकार पूरे 'फार्म' में है। युवाशक्ति मिशन के तहत रोजगार के मौके खोले जा रहे हैं। वहीं सुबह प्रदेश के सभी स्कूलों में सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट स्कूल में योग किया। प्रदेश की सभी शिक्षण संस्थाओं में आकाशवाणी से राष्ट्रगीत वंदे-मातरम, स्वामी विवेकानंद का रिकार्डेड ऑडियो और मुख्यमंत्री के संदेश का प्रसारण सुना गया। इसमें दिए संकेतों के अनुसार सामूहिक सूर्य नमस्कार और प्राणायाम भी किया व कराया गया। मुख्य कार्यक्रम में मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि जब युवा बोलते हैं तो मुझे एक तरह से स्वामी विवेकानंद का ध्यान आता है। विवेकानंद जयंती के माध्यम से सनातन संस्कृति सभ्यता हिंदुस्तानी दर्शन का योगदान पूरे देश के लिए एक तरह से अलग ही आनंद देता है। इसके माध्यम से हम युवा शक्ति की पहचान पाते हैं और युवा शक्ति के माध्यम से राष्ट्र शक्ति का अहसास भी कहते हैं। यादव ने कहा कि जो सपने देखें हैं उसे पूरा करने के लिये आगे बढना चाहिये। हम जिस दिशा में बढ़ना चाहें, परमात्मा ने असीम ऊर्जा का भंडार हमको शरीर के रूप में दिया और यह असीम ऊर्जा का भंडार हमारे शरीर के माध्यम से हमारे सपनों को पंख लगाता है। सीएम यादव आज अपरांह ही शाजापुर जिले के कालापीपल पहुंचकर एक समारोह में सिंगल क्लिक के माध्यम से 1 करोड़ 27 लाख महिलाओं के खाते में लाड़ली बहना योजना के तहत 1553 करोड़ रुपए की राशि ट्रांसफर करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री 55 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थियों को 335 करोड़ रुपए और 26 लाख बहनों को सिलेंडर रीफिलिंग के लिए 27 करोड़ रुपए की राशि भेजेंगे। इसके अलावा वे 10 करोड़ 11 लाख रुपए की लागत से विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और भूमिपूजन भी करेंगे।

### डेढ़ करोड युवाओं पर फोकस

सीएम यादव ने कहा आज मध्यप्रदेश सरकार युवा शक्ति मिशन लॉन्च कर रही है, जिसके जरिए हमने प्रदेश के युवाओं को शिक्षित करने का संकल्प लिया है। हमारी योजना है कि 10वीं और 12वीं कक्षा में प्रदेश का युवा शत-प्रतिशत उत्तीर्ण होकर शिक्षित बने। उन्होंने कहा- हमने यह लक्ष्य तय किया है कि 2028 तक मध्यप्रदेश के 70त्न से ज्यादा युवा स्वरोजगार प्राप्त करेंगे। प्रदेश में डेढ़ करोड़ से ज्यादा युवा हैं, और आज ही के दिन हम लाडली बहना योजना की राशि डालने जा रहे हैं।


## डोनाल्ड ट्रंप की शपथ में शामिल होंगे जयशंकर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आगामी 20 जनवरी को डोनाल्ड ट्रंप दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति पद की जब शपथ लेंगे तो इस खास कार्यक्रम में भारत की ओर से विदेश मंत्री एस जयशंकर शिरकत करेंगे। विदेश मंत्रालय ने इसकी पुष्टि कर दी है। ट्रम्प-वेंस उद्घाटन समिति के निमंत्रण पर जयशंकर भारत की तरफ से प्रतिनिधित्व करेंगे। 20 जनवरी का दिन इसलिए भी खास है क्योंकि इसे मार्टिन लूथर किंग जूनियर डे के साथ मनाया जाएगा। नवंबर में आए राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप ने कमला हैरिस को मात दी थी। जयशंकर अमेरिका यात्रा के दौरान, विदेश मंत्री आगामी प्रशासन के प्रतिनिधियों के साथ-साथ उस अवसर पर अमेरिका का दौरा करने वाले कुछ अन्य गणमान्य व्यक्तियों से भी मुलाकात करेंगे।

## खतरनाक हो सकता है शेयर बाजार के लिए ये साल !

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नया साल 2025 शेयर मार्केट के लिए संकटभरा हो सकता है। माना जा रहा है इस वर्ष अमेरिकी शेयर मार्केट धड़ाम हो सकता है। इसका असर भारत के बाजार समेत दुनिया के दूसरे देशों के मार्केट पर भी पड़ेगा। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक सबसे ज्यादा खतरा भारतीय शेयर मार्केट पर पड़ इसलिये भी है क्योंकि यह इस समय भी गिरावट के दौर से गुजर रहा है। सेंसेक्स पिछले 6 महीने में करीब 4 फीसदी गिर गया है। 2025 की शुरुआत तो अच्छी हुई थी, लेकिन उसके बाद सब कुछ गड़बड़ हो रहा है। 2 जनवरी के बाद से भारतीय शेयर मार्केट में लगातार गिरावट जारी है। उधर अमेरिकी शेयर मार्केट में गिरावट का सबसे बड़ा कारण अमेरिका का केंद्रीय बैंक फेड रिजर्व रहेगा। रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी निवेशकों के मन में 2025 में अमेरिकी शेयर बाजार के भविष्य को लेकर आशंकाएं बढ़ रही हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि फेड के वर्ष 2025 के लिए किए गए आर्थिक अनुमान गलत साबित हो सकते हैं। ऐसे में फेडरल रिजर्व के अधिकारी इस वर्ष ब्याज दरों में फिर से वृद्धि कर सकते हैं।

**4 फीसदी गिरावट तो हाल के दिनों में ही**



## आग के सामने बेबस महाशक्ति धधक रहा लॉस एंजेलिस



**लॉस एंजेलिस, एजेंसी।** पिछले कुछ दिनों से जंगलों से शुरू हुई आग के शहर तक पहुंच जाने के बाद तबाही का आलम जारी है। इस तबाही में मृतकों का आंकड़ा भी अब बढ़कर 16 हो गया है।कई लापता है साथ ही 12 हजार से ज्यादा मकान आदि तबाह हो गए हैं। इनमें कई प्रमुख हस्तियों के मकान भी शामिल हैं। लॉस एंजिलिस की आग की इसलिए भी चर्चा है क्योंकि यह पहली बार है कि जंगल की आग ने पहली बार इतने बड़े इलाके को अपनी चपेट में लिया है। खासकर अमेरिका जैसे देश में जहां तमाम संसाधन और सुविधाएं मौजूद हैं, लेकिन लॉस एंजिलिस की आग ने दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति को भी घुटनों पर ला दिया है। आग बुझाने की तमाम कोशिशें सफल नहीं हो पा रही हैं और उस पर मौसम और मुश्किलें बढ़ा रहा है। दरअसल अमेरिकी मौसम विभाग ने चेताया है कि अगले हफ्ते और तेज हवाएं चल सकती हैं, जिससे हालात और बिगड़ सकते हैं।

**अब तक 16 मौतें, कई लापता**


## अंतरिक्ष में बन रहा इतिहास, हैंडशेक के लिए 3 मीटर करीब आए उपग्रह

**नईदिल्ली,एजेंसी**

इसरो के स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पैडेक्स) के लिए अंतरिक्ष में भेजे गए दो उपग्रह आज तीन मीटर तक करीब लाए गए। इसरो ने बताया कि एसडीएक्स 01 और एसडीएक्स 02 (टारगेट) उपग्रह अच्छी स्थिति में हैं और डॉकिंग के लिए करीब लाए गए। स्पैडेक्स उपग्रह ने एक-दूसरे की शानदार तस्वीरें और वीडियो भी रिकॉर्ड किए। इसरो ने कहा कि दोनों उपग्रहों को पहले 15 मीटर और फिर 3 मीटर तक पहुंचने का परीक्षण प्रयास किया गया। अंतरिक्षयानों को सुरक्षित दूरी पर वापस ले जाया जा रहा है। डेटा का आगे विश्लेषण करने के बाद डॉकिंग प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इससे पहले इसरो ने एक्स पर पोस्ट में लिखा, 15 मीटर की दूरी पर, हम एक-दूसरे को स्पष्ट रूप से देख सकते हैं। हम अब डॉकिंग के लिए सिर्फ 50 फीट की दूरी पर हैं। इस मिशन का उद्देश्य छोटे अंतरिक्ष यान का उपयोग करके अंतरिक्ष में डॉकिंग का प्रदर्शन करना है। स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पेडेक्स) 7 जनवरी और 9 जनवरी को डॉकिंग प्रयोगों के लिए घोषित दो कार्यक्रमों से चूक चुका है।

उड़ान के 15 मिनट बाद कक्षा में प्रक्षेपित किए दो छोटे अंतरिक्ष यान इसरो ने 30 दिसंबर को स्पेस डॉकिंग एक्सपेरीमेंट (स्पैडेक्स) मिशन को सफलतापूर्वक लॉन्च किया था। उड़ान के लगभग 15 मिनट बाद, लगभग 220 किलोग्राम वजन वाले दो छोटे अंतरिक्ष यान को 475 किलोमीटर की वृत्ताकार कक्षा में प्रक्षेपित कर दिया गया था। अब स्पैडेक्स के सफल प्रदर्शन से भारत उन जटिल प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल करने वाला चौथा देश बन जाएगा, जो इसके भावी मिशनों, जैसे भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन और चंद्रमा पर अंतरिक्ष यात्री को उतारने के लिए महत्वपूर्ण हैं। अंतरिक्ष में डॉकिंग एक जटिल प्रक्रिया है, जिसमें अब तक केवल तीन अन्य देश- अमेरिका, रूस और चीन ही महारत हासिल कर पाए हैं।

**डाकिंग के लिए इसरो कामयाबी के बहुत करीब पहुंचा**



## 93 करोड़ रुपए की संपत्ति खंगालने रजिस्ट्रार से जानकारी मांगेगा आईटी

**भोपाल.दोपहर मेट्रो**

परिवहन विभाग के पूर्व कांस्टेबल सौरभ शर्मा के रिश्तेदारों की प्रापर्टी भी अब अटैच हो सकती है। दरअसल सौरभ कव बहनोई ने 52 किलो सोना और 11 करोड़ कैश उस गाडी समेत छिपाया था जो रातीबड के एक फार्महाउस के पास बरामद हुआ था। इस तरह अब तक कुल 93 करोड़ की प्रापर्टी का खुलासा हो चुका है। इसीलिये आयकर विभाग ने तमाम रिश्तेदारों की प्रापर्टी भी अटैच करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए आयकर विभाग जल्द ही उन जिला पंजीयकों और सब रजिस्ट्रार को पत्र लिख रहा है जहां यह प्रापर्टी मौजूद है। सूत्र बताते हैं कि आयकर की जांच में सामने आया है कि इनोवा कार से बरामद हुआ 52 किलोग्राम सोना और 11 करोड़ रुपये कैश छिपाने में मौसेरे बहनोई की भूमिका थी। जिस स्थान पर सोने और कार से भरी कार जब्त की गई थी, वहां पर सौरभ के बहनोई विनय असवानी का फार्म हाउस है। यह सौरभ की मौसी सविता की बेटी के नाम है। सौरभ के घर लोकायुक्त छापे के दौरान विनय इनोवा कार में सोना और कैश लेकर काफिले के साथ निकला था। यह माल छोटे वाहन की मदद से अलग-अलग स्थानों पर पहुंचा दिया जाएगा, बाद में प्रवर्तन निदेशालय ने सौरभ के जीजा रोहित तिवारी (जबलपुर), सहयोगी शरद जायसवाल (भोपाल) और चेतन सिंह गौर (ग्वालियर) के ठिकानों पर छापेमारी कर 23 करोड़ रुपए की चल अचल संपत्ति का खुलासा किया था। ईडी इसकी जांच आयकर विभाग की जांच से अलग हटकर कर रही है।

**सौरभ के रिश्तेदारों की संपत्ति अटैच करने की तैयारी**



**मेट्रो एंकर**

### पहाड़ों पर बिछ गई है बर्फ की चादर

# मैदानी मप्र में ठंड से मामूली राहत, तो ओले-बारिश की आफत

**नई दिल्ली/भोपाल, दोपहर मेट्रो**

जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और लद्दाख में बर्फबारी के कारण मैदानी राज्यों में भी ठंड के तेवर कडे हैं। मप्र में भी कई जिलो में कोहरा, हल्की बूंदाबांदी है। धूप भी कमजोर नजर आ रही है। हालांकि कडाके की ठंड का असर बादलों की वजह से थोड़ा कम है। उधर पहाडी राज्यों में कई इलाकों में तापमान 0 डिग्री से नीचे बना हुआ है,बर्फीली हवाएं चल रही हैं। इसका असर उत्तर भारत के राज्यों में है। मध्यप्रदेश में मुरैना, ग्वालियर, भिंड, दतिया के रतनगढ़, श्योपुर, शिवपुरी और गुना में बारिश और आंधी चली। भोपाल में भी रविवार सुबह बारिश हुई। दोपहर तक धूप व बादलों के बीच लुकाछिपी का दौर रहा। राजस्थान के जोधपुर, नागौर, फलौदी के आसपास कई जगह ओले गिरे। विदिशा, राजगढ़, रायसेन के सांची, निवाड़ी के ओरछा, टीकमगढ़, छतरपुर भी हल्की बारिश के जारी रहने की संभावना है। खजुराहो, छिंदवाड़ा और जबलपुर में कुछ घंटे बाद बारिश हो सकती है। मध्य प्रदेश-राजस्थान के अलावा आज देश के 17 राज्यों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग का कहना है कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की वजह बारिश का अलर्ट है। इस दौरान दिन-रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी, लेकिन सिस्टम के आगे जाने के बाद ठंड का असर बड़ जाएगा। अगले 2 दिन बाद फिर से पारा लुढ़क जाएगा।




### पहाड़ पर बर्फ जमी

उधर आज भी रोहतांग दर्रा, कोकसर, अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल समेत लाहौल की ऊंची चोटियों पर भारी बर्फबारी हुई। कुल्लू से अटल टनल रोहतांग के लिए वाहन नहीं भेजे गए। बर्फबारी के कारण शिमला में 5 और ताबो के तापमान में 11.4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई। उत्तर प्रदेश के कानपुर, मैनपुरी, फतेहपुर, रायबरेली में न्यूनतम तापमान 4 से 5 डिग्री के बीच रहा। अयोध्या में लगातार दूसरे दिन पूरे प्रदेश में सबसे ठंडा जिला रहा। यहां तापमान 4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। देश के 18 राज्यों में घना कोहरा भी देखने को मिला है। धुंध का सबसे ज्यादा असर पंजाब, हरियाणा और दिल्ली में है। यहां विजिबिलिटी घटने से ट्रेनें लेट हुईं।

## बिहार में लोक सेवा आयोग परीक्षा के खिलाफ फिर बवाल

**पटना, एजेंसी।** कई दिनों बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं पीटी परीक्षा रद्द कराने की मांग को लेकर जारी विरोध प्रदर्शन आज फिर उग्र है। एक ओर प्रशांत किशोर आमरन अनशन पर हैं। वहीं दूसरी ओर बिहार के सांसद पप्पू यादव ने चक्काजाम के बाद पूरे बिहार में बंद का एलान किया है। पटना, हाजीपुर, पूर्णिया, मधेपुरा, सहरसा, सुपौल समेत कई जगहों पर सड़क पर उतर गए हैं। प्रदर्शनकारी सड़क पर आगजनी कर प्रदर्शन कर रहे हैं। इनका कहना है कि बीपीएससी 70वीं पीटी परीक्षा को रद्द करे और फिर से परीक्षा ले। प्रदर्शनकारी नीतीश सरकार के विरोध में नारेबाजी कर रहे थे।




युवा मिशन
एक विचार ले लो, उसी को सोचो, उसी का स्वप्न देखो, उसी पर अवलम्बित रहो। अपने मस्तिष्क, मांसपेशियों, स्नायुओं और शरीर के प्रत्येक भाग को उसी विचार से ओत–प्रोत होने दो।
यही सफलता का रास्ता है। यही वह मार्ग है, जिसने महान पुरुषों का निर्माण किया है।
- स्वामी विवेकानंद
सशक्त, क्षमतावान और आत्मनिर्भर युवाओं का प्रदेश बनेगा मध्यप्रदेश
स्वामी विवेकानंद
युवा शक्ति मिशन
का शुभारंभ
मुख्यमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
12 जनवरी, 2025 । प्रातः 11:30 बजे
रवीन्द्र भवन, भोपाल
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
मिशन के प्रमुख उद्देश्य
• युवाओं के समग्र विकास पर केन्द्रित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उद्यमिता और रोज़गार क्षमता का निर्माण
• वैश्विक प्रतिस्पर्धा के मानकों के अनुसार कौशल एवं तकनीकी विकास
• तकनीक के अधिकाधिक उपयोग एवं अनुसंधान तथा विचारशीलता को बढ़ावा
• नशे से दूरी एवं स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहन
• भारतीय ज्ञान परंपरा, पर्यावरण संरक्षण, खेल एवं संस्कृति के क्षेत्र में भागीदारी बढ़ाना
• समाज में सक्रिय भागीदारी के साथ अर्थव्यवस्था में सम्मानजनक स्थान सुनिश्चित करना
• प्रत्येक ज़िले में एमएसएमई औद्योगिक पार्क का विकास एवं स्टार्टअप्स को बढ़ावा देकर रोज़गार के अवसर सुगम बनाना
प्रदेश स्तरीय
सामूहिक सूर्य नमस्कार
प्रात: 9:30 बजे से 10:30 बजे तक
मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की गरिमामयी सहभागिता
सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भोपाल
D11151/24
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
#युवा_शक्ति_मिशन_MP

# अनुगूंज कार्यक्रम में राजस्थानी संस्कृति पर आधारित सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति


नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश द्वारा प्रायोजित लोक शिक्षण संभाग नर्मदापुरम द्वारा आयोजित अनुगूंज कार्यक्रम स्थानीय शासकीय एस एन जी स्कूल प्रांगण में संपन्न हुआ ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद दर्शन सिंह चौधरी राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया विशिष्ट अतिथि सोहागपुर विधानसभा के विधायक विजयपाल सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमति नीतू यादव, तैराकी संघ के प्रदेश अध्यक्ष पीयूष शर्मा उपस्थित रहे. अतिथियों ने शासकीय स्कूलों के विद्यार्थियों के द्वारा प्रस्तुत एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम देख कर कलाकारों की प्रशंसा की । साथ ही नाटक के मंचन में एक बुद्धूराम सरल भक्त की भक्ति से गुरु को ईश्वर के दर्शन करने का मनमोहक चित्रण प्रस्तुत किया। वहीं दूसरे नाटक द फादर इज ग्रेट में पिता की महत्ता का प्रस्तुतिकरण करते हुए दर्शकों के आंसू आंखों में लाने को मजबूर किया। कार्यक्रम में सामूहिक नृत्य राजस्थान संस्कृति पर आधारित तथा समूह गान की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। अतिथियों ने भी करतल ध्वनि से कलाकारों उत्साह वर्धन किया। ज्ञातव्य है कि लोक शिक्षण नर्मदापुरम संभाग के द्वारा विगत 3 वर्षों से अनुगूंज कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा। मुख्य अतिथि सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा नायाब प्रदर्शन कर सभी प्रस्तुतियों ने मन मोह लिया अनुगूंज कार्यक्रम आयोजन कला के साथ समृद्ध शिक्षा राष्ट्रीय शिक्षा नीति का अहम हिस्सा है , छात्र छात्राओं को कला और कौशल के साथ श्रेष्ठ नागरिक बनने की और अग्रसर करता है। कार्यक्रम का प्रतिवेदन संयुक्त संचालक भावना दुबे ने प्रस्तुत किया। वहीं सफल कार्यक्रम के लिए उपस्थित अतिथियों , गणमान्य नागरिकों , पत्रकार , विद्यार्थियों , शिक्षकों और मेंटर्स , कोरियोग्राफर का आभार जिला शिक्षा अधिकारी शत्रुंजय प्रताप बिसेन व्यक्त के साथ धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. राजेश जायसवाल के मार्गदर्शन में छात्रों के द्वारा किया गया। संयुक्त संचालक ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये।

■ कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए




## घर-घर लगेंगे बिजली के स्मार्ट मीटर, डोर-टू-डोर रीडिंग हो जाएगी बंद



**तेंदूखेड़ा।** विद्युत वितरण कंपनी द्वारा शनिवार से नगर में स्मार्ट मीटर लगना शुरू हो गए हैं नगर के बाद यह ग्रामीण अंचलों में भी लगेंगे स्मार्ट मीटर से सबसे बड़ा उपभोक्ता को यह फायदा मिलेगा की प्रत्येक माह है ऑटोमेटिक रीडिंग हो जाया करेगी रीडिंग करने वालों की समस्या भी समाप्त होगी और लोगों को गलत रीडिंग भी नहीं होगी इसके अलावा किसी भी प्रकार से उपभोक्ता द्वारा मीटर से छेड़छाड़ करने पर तत्काल इसका मैसेज सीधे विभाग के पास पहुंचेगा जिससे कार्रवाई भी छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ हो सकेगी केंद्र सरकार की आर.डी.एस.एस. योजना में विद्युत वितरण कंपनी ने अब स्मार्ट मीटर लगाना शुरू कर दिया है . कंपनी की ओर से नगर में लगभग कुल 5 हजार स्मार्ट मीटर लगेंगे . इसके तहत स्मार्ट मीटरों से कृषि श्रेणी के अलावा समस्त उपभोक्ताओं के मीटर बदले जाने हैं. अभी इसकी शुरुआत नगर से की गई है नगर में लगने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में भी यह मीटर लगाए जाने हैं इस संबंध में विद्युत वितरण कंपनी के कनिष्ठ अभियंता एमएफ अंसारी ने बताया कि शनिवार से नगर में स्मार्ट मीटर लगने का काम प्रारंभ हो चुका है नगर में समस्त मीटर बदले जाने हैं उसके बाद ग्रामीण अंचलों में भी यह स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे इससे उपभोक्ताओं को होने वाली गलत मीटर रीडिंग की परेशानियों से भी निजात मिलेगी साथ ही मीटर से छेड़छाड़ करने वाले उपभोक्ताओं का मैसेज सीधे विभाग के पास पहुंचेगा और कार्रवाई की जाएगी

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में विद्यार्थियों ने मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए

**नर्मदापुरम।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में लोक माता अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी वर्ष के निमित्त देवी अहिल्याबाई की झांकी एवं



सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. युवा दिवस की याद में सूर्य नमस्कार एवं दंड संचालन का कार्यक्रम रखा गया। तिथि अनुसार आज ही के दिन श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में श्री राम प्राण प्रतिष्ठा को याद करते हुए राम दरबार की झांकी एवं विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव माँ रेवा शिक्षा समिति के सचिव डॉक्टर अतुल सेठा कोषाध्यक्ष श्रामकुमार पटेल मनोहर व्यास पालीवाल एवं विद्यालय प्राचार्य शुभम चौहान, समस्त आचार्य परिवार, समस्त अभिभावक एवं भैया बहन उपस्थित रहे। राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने कहा कि पूरे नगर में ही नहीं अपितु देश में केवल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ही एकमात्र ऐसा विद्यालय है जो बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कृति संस्कार एवं सभ्यता की शिक्षा प्रदान करता है।

## सारंगी वादक अथर्व दुबे की राग नट भैरव की प्रस्तुति मंत्र मुग्ध श्रोता

**नर्मदापुरम।** सरस्वती संगीत महाविद्यालय भोपाल में आयोजित संगीत समारोह में नर्मदापुरम के युवा संगीतकार अथर्व दुबे ने अपने अद्वितीय सारंगी वादन से सभी दर्शकों का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में उन्होंने राग नटभैरव की प्रस्तुत की, जो शास्त्रीय संगीत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। राग नट भैरव को सुबह के समय प्रस्तुत किया जाता है और यह राग शांति और भक्ति का प्रतीक माना जाता है। अथर्व दुबे ने अपने




सारंगी वादन में न केवल तकनीकी कौशल दिखाया, बल्कि उन्होंने अपने भावपूर्ण प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके साथ तबला पर विपुल दुबे ने संगत की । इस कार्यक्रम में उपस्थित दर्शकों ने अथर्व और विपुल के प्रदर्शन की सराहना की और दोनों कलाकारों को तालियों से नवाजा। इस संगीत समारोह ने न केवल स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया, बल्कि शास्त्रीय संगीत के प्रति लोगों की रुचि को भी बढ़ाया। इस तरह के कार्यक्रम संगीत की संस्कृति को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और नई पीढ़ी के कलाकारों को प्रोत्साहित करते हैं। इस प्रकार संगीत समारोह भोपाल के सांस्कृतिक जीवन में एक यादगार पल बन गया।

## देश के विकास के लिए विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों का होना जरूरी : खान

सिवनी मालवा देश के विकास मे विद्यार्थियों की अहम भूमिका होती है। जिसके लिए विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यो का ज्ञान होना आवश्यक है। उक्त बात जिला एवं अपर



सत्र न्यायाधीश श्रीमती तबस्सुम खान ने शासकीय सी एम राइज उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विधालय में आयोजित विधिक साक्षरता शिविर में कही। अपर जिला सत्र न्यायाधीश श्रीमती खान ने कहा कि हम सभी के लिए अपना देश सर्वोपरि है। देश के विकास में विद्यार्थियों की अहम भूमिका होती है। यही हमारे देश का आने वाला भविष्य है। विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ नैतिक मूल्यो का ज्ञान होना आवश्यक है। इसीलिए समय समय पर विधिक साक्षरता शिविरो का आयोजन किया जाकर उन्हे कानून के साथ साथ नागरिको के नैतिक मूल्य, मूल अधिकार, मूल कर्तव्यो की जानकारी दी जाती है। उन्होंने विद्यार्थियों को सायवर क्राइम, नए कानून, पास्को एक्ट, लैंगिक अपराध, मोटर व्हीकल एक्ट, बाल अपराध, पेरालीगल वालिंटियर, निः शुल्क विधिक सहायता के विषय में विस्तृत जानकारी दी। श्रीमती खान ने कहा कि युवाओ को अपराधो से अपना बचाव करते हुए नैतिक मूल्यो का पालन करते हुए समाज हित के कार्यो में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। सभी को अपराध करने से अपने को बचाना चाहिए। ऐसा करके आप देश का नव निर्माण करने के भागीदार बन सकते है। न्यायाधीश श्रीमती खान ने विद्यालय द्वारा आयोजित लघु नाटिका के भागीदारो को प्रशस्ती पत्र देकर शिविर का आपन किया।

### दिन में कई बार बन रहे जाम के हालात

# 70 फीट चौड़े रोड पर दोनों ओर अतिक्रमण बुरी तरह प्रभावित हो रहीं इमरजेंसी सेवाएं

तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो





नगर का दमोह-जबलपुर मुख्य मार्ग, बस स्टैंड से तारादेही चौराहे तक चार पहिया वाहन चालक और दुकानदारों की अतिक्रमण से ग्रस्त है। इसके दोनों ओर छोटे वाहन चालकों की मनमानी एवं अवैध कब्जा के चलते राहगीरों को चलने के लिए रास्तां नहीं बचता है। सुबह यह मार्ग 70 फीट चौड़ा दिखह्लड्ड है, लेकिन दुकानें खुलने के साथ ही वाहनों के खड़े होने और दुकानों की सामग्री सड़क पर रखी होने की वजह से शाम को 7 फीट सड़क भी नजर नहीं आई। हैरानी की बात यह है कि वाहन चालक अपने वाहनों को बेतरतीब तरीके से सड़क पर खड़ा किए थे, जिनकी वजह से राहगीर एवं बड़े वाहन निकल नहीं पा रहे थे। मुख्य रोड के एक तरफ नगर परिषद की 31 दुकानों के संचालक गैलरी में कब्जा करके बनाई पक्की दुकानों में शटर लगाकर और उनके आगे टीन शेड लगाकर सड़क पर सामान जमाए हुए हैं।

नगर की सबसे मुख्य सड़क कहे जाने वाली जबलपुर-दमोह और सागर-देवरी तक को जोड़ने वाली इस सड़क को जिसे स्टेट हाईवे 15 कहा जाता है, लेकिन इस हाईव सड़क पर प्रतिदिन जाम लगा रहता है। नगर की सड़कों पर यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है, आए दिन मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन रही है। जहां आए दिन वाहन और एंबुलेंस सहित स्कूली बच्चों को परेशानियां उठानी पड़ती इमरजेंसी सेवा जैसे एंबुलेंस वाहन, 100 डायल वाहन फायर ब्रिगेड वाहन भी फंस जाते हैं दमोह-जबलपुर मार्ग पर हाई स्कूल से तारादेही चौराहा तक सड़क के दोनों तरफ दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है।

अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई बीते आठ माह पहले अप्रैल मई में शुरू की गई थी।लेकिन कार्रवाई सिर्फ खानापूर्ति बनकर रह गई दो से तीन दिन तक चलने वाली इस कार्रवाई में दुकानदारों ने फिर से सड़क तक अतिक्रमण कर रखा है और अपनी दुकानों के सामने टीनशैड लग लिए हैं

### नहीं लगा टीआई का फोन

इस संबंध में जब थाना प्रभारी विजय अहिरवार से बात करनी चाही तो उनका फोन कवरेज क्षेत्र के बाहर आता रहा।

### इनका कहना है

इस संबंध में एसडीएम सौरभ गंधर्व ने कहा मैंने भी नगर में जाम जैसे हालात बनते देखें है मैंने अतिक्रमण करने वाले लोगों को नोटिस देकर खुद ही अपना अतिक्रमण हटाने को कहा है अगर लोगों द्वारा खुद ही अपना अतिक्रमण नहीं हटाया जाता है तो जल्द ही अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी

-एसडीएम सौरभ गंधर्व
तेन्दूखेड़ा

## तेंदूखेड़ा प्रीमियर लीग में नगर परिषद एवं गुरूदेव क्रिकेट क्लब ने जीता मैच



तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो

तेन्दूखेड़ा प्रीमियर लीग-2025 (टीपीएल) क्रिकेट नाईट टूर्नामेंट के छठवें दिन हाईस्कूल मैदान में पहला मैच जनपद वारियर्स क्रिकेट क्ल्ब एवं गुरूदेव क्रिक्रेट क्लब के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए जनपद वारियर्स की टीम ने 10 ओवर में 8 विकेट खोकर 68 रन बनाएं। जबाव में उतरी गुरूदेव की टीम ने 8 ओवर में 5 विकेट गंवाकर जीत हासिल की। हर्ष यादव ने 2 ओवर में 3 विकेट लेकर मैन आफ द मैच अपने नाम किया जिन्हें पुरूस्कार एवं नगद राषि मैच के राज्यमंत्री धमेंद्र सिंह के भाई सतेंद्र सिंह, नितेंद्र सिंह एवं सांसद प्रतिनिधी मूरत सिंह लोधी के द्वारा प्रदान की गई।

इसके अलावा दूसरा मैच नगर परिषद किक्रेट क्लब एवं टीचर 11 के बीच खेला गया। जिसमें नगर परिषद क्रिकेट क्लब ने 10 ओवर में 3 विकेट खोकर 141 रन बनाएं तो लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीचर 11 की टीम 10 ओवर में 9 विकेट खोकर सिर्फ 88 रन ही बना पाई। राघवेंद्र ठाकुर 36 गेदों में धुआंधार 95 रन बनाएं साथ ही 1 विकेट लेकर मैन आफ द मैच का खिताब जीता। जीत के बाद नगर परिषद की संपूर्ण टीम ने डीजे एवं ढोल की धुन पर जीत का जष्न डांस कर मनाया। इस दौरान टीम के आर्नर सतेंद्र जैन खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते रहे। अंपायर नितिन जैन, बबलू घोषी रहे। स्कोरर अभिनंदन दुबे, सुदीप त्रिपाठी, अभिषेक मोदी एवं आषीष यादव रहे एवं मैच का आंखो देखा हाल चेतन जैन, अभिषेक मोदी, गौरी शोएब पठान, जितेंद्र भदौरिया के द्वारा सुनाया गया। सत्यम जैन, राजीव जैन, सतेंद्र जैन, राहुल ठाकुर, हर्ष राजपूत, निखिल सिंह, श्रेयांस जैन, जीत यादव, सारांष यादव, उमेष यादव, सौरभ सिंह, लक्ष्मण यादव, अंषुल केवट, रवि दीवान जिनके द्वारा टूर्नामेंट की व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

## भारतीय मजदूर संघ ने मुख्यमंत्री एवं श्रममंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन




नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

गत दिवस भारतीय मजदूर संघ ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन दिया जिसमें जिक्र किया कि घोषणा कर पेसा मोबिलाइजर को भूल गई प्रदेश सरकार. नियमितीकरण और घोषणा के अनुरूप 4000 मानदेय से 8000 मानदेय करने की घोषणा अब तक अधूरी है।प्रदेश सरकार ने नवंबर 2022 में बड़े जोर शोर से एमपी पंचायत अनुबंध अधिनियम 2022 यानी पेसा अधिनियम लागू किया था। वही नर्मदा पुरम सहित प्रदेश के 20 जिलों के 89 आदिवासी ब्लॉकों के प्रत्येक ग्राम पंचायत में पेसा ग्राम सभा के क्रियान्वयन के लिए पेसा मोबिलाइजर की नियुक्ति की गई थी। अब तक मानदेय भी नहीं बढ़ाया गया। जहां पैसा मोबिलाइजर की भर्ती कर उनके सम्मानजनक मानदेय की घोषणा की गई थी। लेकिन वह सभी घोषणाएं आज तक अधूरी है। उधर पेसा मोबिलाइजर का काम करने वाले कर्मचारियों को अब तक नियमित नहीं किया गया है तो वहीं दूसरी ओर घोषणा एवं निर्णय लेने के बावजूद भी उनका 4000 से 8000 मानदेय अभी तक नहीं बढ़ाया गया है, जिसके चलते पेसा मोबिलाइजर का काम करने वाले कर्मचारी प्रदेश सरकार से खासा नाराज है।

■ घोषणा करके पेसा मोबिलाइजर को भूल गई सरकार

मजदूर संघ ने प्रदेश सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतरकर आंदोलन किए जाने की रणनीति बनाई है। अपनी इस रणनीति को मूल रूप देने के लिए भारतीय मजदूर संघ के बैनर तले पेसा मोबिलाइजर संघ ने अपनी समस्या से राज्य सरकार को अवगत कराकर पूर्ण कराने के लिए मुख्यमंत्री मप्र सरकार व श्रम मंत्री मध्यप्रदेश के नाम का ज्ञापन कलेक्टर के नाम तहसीलदार देव शंकर धुर्वे को सौपा।

**मेट्रो एंकर** चुनाव अधिकारी राजेश चौरे ने संपन्न कराए चुनाव

# कृषि विस्तार अधिकारी संघ के चुनाव संपन्न, अध्यक्ष विकास पटेल सचिव पूनम पवार नियुक्त

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो

कृषि विस्तार अधिकारी संघ जिला शाखा प्रांत के द्वारा नियुक्त निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार चौरे की उपस्थिति में जिला शाखा के चुनाव संपन्न हुए। कृषि विस्तार अधिकारी संघ निर्वाचन की बैठक वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी विकासखंड नर्मदा पुरम कार्यालय में संपन्न हुई बैठक में सातों विकासखंड के अध्यक्ष विकासखंड प्रतिनिधि एवं कृषि विस्तार अधिकारी सम्मिलित हुए चुनाव प्रक्रिया की विस्तृत रूप से जानकारी निर्वाचन अधिकारी श्री चौरे के द्वारा उपस्थित समस्त कृषि विकास अधिकारियों को दी गई एवं संविधान की नियमावली के अनुसार संगठनात्मक जानकारी से भी सदस्यों कोअवगत कराया गया। चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ कर सभी पदाधिकारी से चर्चा कर सर्वसम्मति से विकास पटेल को जिलाध्यक्ष निर्वाचित किया गया एवं जिला सचिव पूनम पवार कोषाध्यक्ष बृजेश उईके कार्यकारी जिला अध्यक्ष राजकुमार उईके प्रांतीय प्रतिनिधि राजकुमार दोहरे वरिष्ठ उपाध्यक्ष एस के उईके सुनील बरडे उपाध्यक्ष दीपक बंसे, नारायण जाटव, सुश्री प्राची शर्मा, सुश्री रूपल राजपूत सह सचिव राहुल पहाड़े प्रचार मंत्री बृजपाल उईके संगठन सचिव दीपक चौरे विशेष आमंत्रित कार्यकारिणी सदस्य पी डी जाटव, राजेश रिछारिया, सुश्री पूजा पटेल, सुश्री गौरी नंदा गुहे, रामनाथ चंदेले, लोकेश भलगाया को सर्वसम्मति से कार्यकारिणी में सम्मिलित किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष कार्यकारी अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी के सदस्यों का सभी उपस्थित कृषि विकास अधिकारी साथियों ने स्वागत कर शुभकामनाएं एवं बधाई दी । जिले के उपस्थित सभी कृषि विस्तार अधिकारियों ने सर्वसम्मति से चुनाव प्रक्रिया को व्यवस्थित एवं बेहतर ढंग से संपादित करने पर निर्वाचन अधिकारी राजेश चौरे के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की नवनिर्वाचित अध्यक्ष विकास पटेल ने कर्मचारी हित में संगठन हित में समर्पित भाव से कार्य करने का आश्वासन साथियों को दिया सचिव पूनम पवार ने चुनाव प्रक्रिया में उपस्थित वरिष्ठ साथी बदन सिंह तोमर, प्रभात पांडे, शराजेंद्र ठाकुर राजेश रिछारिया एवं उपस्थित कृषि विकास अधिकारी साथियों के सहयोगात्मक संगठन हितैषी रवैया के लिए आभार व्यक्त किया।



# कलेक्टर द्वारा आगामी त्यौहारों में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी, चाइनीज धागे के उपयोग और विक्रय पर प्रतिबंध के आदेश दिए

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट रौशन कुमार ने आगामी माह में विभिन्न त्यौहार (लोहडी, श्रीरामलीला, मकर सक्रांति, बसंत पंचमी, महाशिवरात्रि एवं धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक तथा उक्त कार्यक्रमों के दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु विभिन्न बिन्दुओं पर प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिया है।

कलेक्टर श्री सिंह ने पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के प्रस्ताव पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये लोक प्रशांति बनाये रखने एवं मानव जीवन तथा आमजन की सुरक्षा के दृष्टिगत जिन बिन्दुओं पर प्रतिबंधात्मक आदेश प्रसारित किया है वह इस प्रकार हैं।

धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक आयोजनो के दौरान बिना सक्षम अनुमति के वाहन रैली आयोजित नही की जावेगी। जिले के समस्त धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक आयोजन जिनमें 50 से अधिक व्यक्तियो की उपस्थिति संभावित हो उक्त आयोजनो में संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दण्डाधिकारी की अनुमति अनिवार्य होगी। किसी भी व्यक्ति, संस्थान, पशु मालिक द्वारा अपने पशु को खुले तौर पर अकेले सड़कों पर नहीं छोड़ा जाएगा।

किसी भी व्यक्ति, संगठन, समूह द्वारा ऐसे आपत्तिजनक नारे अथवा शब्दों का प्रयोग नहीं किया जाएगा, जिससे किसी व्यक्ति विशेष, संगठन अथवा किसी समुदाय विशेष की भावनाओं को ठेस पहुंचती हो। घरेलू कार्य हेतु किसी व्यक्ति को कार्य पर रखने से पूर्व गृह स्वामियों को अपने क्षेत्र के निकटतम थाने में विहित प्रारूप में सूचना प्रदान करना अनिवार्य होगा। होटल, लॉज, धर्मशाला आदि के संचालको को रूकने वाले यात्रियों, व्यक्तियों से पहचान-पत्र प्राप्त करना अनिर्वाय होगा।

सोशल मीडिया के विभिन्न ऑनलाईन प्लेटफार्म पर जाति, धर्म, संप्रदाय को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट, वीडियो, कमेन्ट्स, क्रॉस कमेन्ट्स आदि



करना पूर्णत प्रतिबंधित किया गया है। आपातकालीन सेवाओं (मेडिकल स्टोर, चिकित्सालय) को छोड़कर शेष समस्त व्यावसायिक प्रतिष्ठान रात्रि 11 बजे के उपरांत संचालित नहीं होंगे। ध्वनि विस्तारक यंत्रो का उपयोग बिना सक्षम अनुमति के नही किया जावेगा। गृह स्वामियों द्वारा रखे गये पेइंग गेस्ट, व्यक्ति, किरायेदार की सूचना निकटतम थाने में विहित प्रारूप में प्रदान करना अनिवार्य होगी। जिले में आयोजित किये जाने वाले समस्त धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक तथा अन्य कार्यक्रमों के दौरान आयोजकों को पार्किग व्यवस्था एवं सीसीटीव्ही कैमरों अथवा अन्य सुरक्षा उपकरणों की व्यवस्था करना अनिवार्य होगा।

विद्यालय, महाविद्यालय के संचालकों को वाहन चालकों, क्लीनरो, भृत्यों एवं अन्य सहायक स्टॉफ का चरित्र सत्यापन कराना अनिवार्य होगा।

विदिशा कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट रौशन कुमार सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिता - 2023 की धारा 163 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए लोक प्रशांति बनाये रखने एवं मानव जीवन तथा आमजन की सुरक्षा के दृष्टिगत जिला विदिशा के सीमा क्षेत्र में मकर सक्रंति पर्व के दौरान चाइनीज धागे एवं अन्य ऐसे धागे का जिससे जनहानि हो सके के उपयोग एवं विक्रय पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाए जाने का आदेश जारी कर दिया है।

जारी आदेश में उल्लेख है कि मकर संक्रांति पर्व पर विशाल स्तर पर पतंगबाजी का कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। आयोजित कार्यक्रमो में पतंग उड़ाने के दौरान कतिपय व्यक्तियों द्वारा चाईनीज धागे का उपयोग किया जाता है, जिससे पूर्व में कई दुर्घटनाएं घटित हो चुकी है, साथ ही जनहानि भी हो चुकी हैं। उपरोक्त घटनाओं के दृष्टिगत शासन स्तर से भी चाईनीज धागे का उपयोग पूर्णतः वर्जित है। उपरोक्त परिस्थिति के दृष्टिगत विदिशा जिले में मकर सक्रांति पर्व पर चाईनीज धागे एवं अन्य ऐसे धागे का जिससे जनहानि हो सके के उपयोग एवं विक्रय पर प्रतिबंध लगाया जाना पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी द्वारा प्रस्तावित किया गया है। आदेश के उल्लंघन की दशा में भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा 223 के अंतर्गत संबंधित के विरूद्ध दाण्डिक कार्यवाही संपादित की जाएगी।

## सीएम के निर्देश भी बे असर, राजनीतिक लोगों के दबाव में प्रशासन बेबस

# 95 प्रतिशत चरनोई भूमि पर दबंगों का कब्जा, एसडीएस को दिया आवेदन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री मोहन यादव के द्वारा चरनोई की भूमि खाली करवाने के सख्त निर्देश अधिकारियों को दिए गए हैं। इसके बाद भी विकासखंड में नाम मात्र की भूमि को दबंग से प्रशासन खाली करवा पाया है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री ने एक तरफ से कार्रवाई करके चरनोई की जमीन मुक्त करवा कर गौशाला को देने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद प्रशासन मात्र 22 हेक्टर जमीन को ही इन लोगों से खाली करवा पाया है।जबकि 1500 हेक्टर के करीब चरनोई की जमीन बताई जा रही है। उसके मुकाबले ऊंट के मुंह में जीरे के समान कार्रवाई हुई हैं या फिर काहे की सीएम के निर्देशों का पालन कड़ाई से नहीं हो रहा है तभी तो शासन प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा दबंग लोगों पर अभी तक कार्रवाई प्रारंभ ही नहीं की है। कमजोर लोगों पर कार्रवाई करके पीठ थपथपाने का काम जरूर प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी कर रहे है।

राजनीतिक लोग भी नहीं छोड़ रहे हैं- सरकारी चरनोई की भूमि पर अधिकांश राजनीतिक लोगों का कब्जा इसमें कई नेता भी शामिल है जिनके द्वारा वर्षो से वक्त जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करके खेती की जा रही यह लोग मुख्यमंत्री कहने के बाद भी उक्त जमीन को छोड़ने तैयार नहीं दिख रहे हैं। इनको शासन प्रशासन के अधिकारियों का कोई भय नहीं है या फिर कहें इनको संरक्षण प्राप्त है उनके दबाव में अधिकारी भी इन परकार्रवाई करने हिम्मत नहीं जुटा पा रहा है इसके अलावा मंचों से बड़ी-बड़ी बातें करने वाले राजनीतिक लोग भी इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं। अधिकांश भूमि पर इनसे जुड़े लोग ही खेती कर रहे हैं सबसे पहले क्षेत्र की जनप्रतिनिधियों को इसे जमीन को खाली करवाने के लिए धरातल पर ध्यान देना चाहिए था पर नहीं दे रहा है इससे इनकी मनसा पर भी सवाल खड़े हो रह है।





### सीएम के निर्देश बेअसर

मुख्यमंत्री मोहन यादव के गौ माता के हित में अच्छा कदम उठाते हुए चरनोई की जमीन खाली करवा कर गौ माता के लिए चरनोई की भूमि देने के निर्देश दिए पर उनके निर्देशों का भी पालन नहीं हो रहा है। इसके अलावा कलेक्टर रोशन सिंह ने भी अभियान चला कर उक्त जमीन को खाली करवा कर गौशालाओं को देने के दिशा निर्देश एसडीएम तथा तहसीलदारों को दिए हैं। अधिकांश दबंग लोगों के द्वारा ही उक्त जमीन पर अवैध रूप से कब्जा करके खेती करने का काम किया जा रहा है इस वजह से गौ माता भूख प्यास से दर-दर भटक रही है। कई जगह तो नालों और सरकारी गोह को भी दबंग लोगों ने कब्जा करके उनके स्वरूप को ही पूरी तरह से नष्ट करके खेती लायक कर कर लिया है।

### एसडीएम को दिया आवेदन

चरनोई की जमीन को अतिक्रमण धारियों के चंगुल से मुक्त करवाने के लिए अशोक जैन खर्च ने एसडीएम हर्षल चौधरी को आवेदन देते हुए कहां कि चरनोई 95 जमीन पर दबंग लोग कब्जा करके खेती कर रहे हो और हमारी गौ माता भूख के कारण दर-दर भटक रही जिन लोगों के द्वारा गौमाता की जमीन कर कब्जा करके खेती की जा रही है इस पर एसडीएम ने कहा कि हम कार्रवाई कर रहे हैं आगे भी सभी पर कार्रवाई होगी।

### इन्हें किसी का नहीं भय

जमीन को खाली कराने के लिए तहसीलदार द्वारा पटवारी के माध्यमों नोटिस तथा डोडी के माध्यम से सूचना देकर जमीन खाली करने सूचित करवाया है लेकिन इसका इन पर कोई असर नहीं हो रहा है। जिम्मेदार भी इन पर कार्रवाई करने के लिए कदम नहीं उठा रहे है। क्योंकि एक माह पहले से तहसीलदार ने पटवारियों के माध्यम से लोगों को नोटिस देकर, चौकीदारों से डोडी पिटवा चुके हैं। इसके उपरांत भी दबंग लोगों के कानों पर जूं भी नहीं रेंग रही है। अधिकांश ग्रामों में दबंग लोग उक्त जमीन को छोड़ते हुए नजर नहीं आ रहे हैं बार-बार सूचनाओं कोभी गंभीरता से नहीं ले इन्हें किसी का कोई डर नहीं है।

### मात्र 22 हेक्टर हुई खाली

1500 हेक्टेयर के आसपास विकासखंड में चरनोई की भूमि उसके मुकाबले मात्र 22 हेक्टर जमीनी खाली है पाई है। इससे अंदाजा लगाया सकता है कि कितने बड़े पैमाने पर दबंग लोगों खेती कर रहे हैं। जमीन खाली करवाने में शासन के अधिकारियों के भी पसीने छूट रहे हैं।

### गौशालाओं को दी जा रही है

सरकार के द्वारा खाली करवा कर चरनोई की जमीन गौशालाओं के हवाले करने के निर्देश दिए हैं। विकासखंड के पांचों मंडलों में अभी तक 22 हेक्टर जमीन खाली हुई है उसको संबंधित क्षेत्र की गौशालाओं को देने का कार्य किया जा रहा इस जमीन पर गौशालाओं के मवेशियों को चराने का कार्य करवाया जा सकेगा इसी उद्देश्य को लेकर इसको गौशालाओं के हवाले करने का काम भी किया जा रहा है एक दिन पहले ग्राम कुलुआ महुआ खेड़ा में भी 6 हेक्टेयर के करीब चरनोई की भूमि को खाली करवाने का काम दबंग से प्रशासन ने किया है। इस गांव में भी बड़े स्तर पर चरनोई की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा है।

### इनका कहना है

चरनोई की जमीन को खाली करवाने की कार्रवाई निरंतर चल रही है कुछ जमीन को हम खाली करवा चुके हैं बाकी जमीन को भी इनसे खाली करवाया जाएगा।

**हर्षल चौधरी**
एसडीएम

## नगर पालिका में सज़ा भव्य राम दरबार

**गंजबासौदा।** अयोध्या में भव्य राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह की प्रथम वर्षगांठ के मौके पर नगर पालिका परिषद में भव्य राम दरबार लगाया गया। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव के नेतृत्व में महिलाओं ने भजन कीर्तन पूजन सहित कई धार्मिक कार्यक्रम संपन्न कराए। नगर की भजन मंडली ने एक से बढ़कर एक भगवान श्री राम के भजनों को गाकर पूरा समय भक्तिमय बनाया। इस इस कार्यक्रम के उपरांत सभी को प्रसादी वितरित भी की गई। नपा अध्यक्ष शशि अनिल यादव ने बताया कि राम दरबार में कई लोगों ने भगवान श्री राम के भजनों पर नृत्य प्रस्तुत कर मनोहारी समा बांधा।



## युवा दिवस पर नशा मुक्ति पर मैराथन दौड़

**गंजबासौदा।** स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई गंजबासौदा द्वारा आइए दौड़ें नशा मुक्त गंजबासौदा के लिए एक विशेष मैराथन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में समाज के सभी वर्गों युवाओं, समाजसेवियों, डॉक्टरों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, शिक्षकों, एवं अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया मैराथन की शुरुआत एसजीएस कॉलेज से नगर के वरिष्ठ समाजसेवियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर की गई। यह मैराथन बरेठ रोड, जयस्तंभ चौक होते हुए शासकीय उच्चतर विद्यालय परिसर में समाप्त हुई। सैकड़ों युवाओं ने उत्साहपूर्वक दौड़ में भाग लेकर नशा मुक्ति का संदेश पूरे नगर में प्रभावशाली ढंग से फैलाया। अभियान के जिला संयोजक शुभम सिंह ठाकुर ने बताया कि इस मैराथन का उद्देश्य नशा मुक्त समाज का निर्माण करना है। स्वामी विवेकानंद के विचारों से प्रेरणा लेते हुए युवाओं को एक सशक्त और सकारात्मक जीवन की दिशा में प्रेरित करना, इस अभियान का मुख्य ध्येय है। उन्होंने यह भी कहा कि अभाविप भविष्य में ऐसे और भी जागरूकता अभियानों को बढ़ावा देता रहेगा। कार्यक्रम में उपस्थित समाजसेवी एवं परिषद के पूर्व कार्यकर्ता देवेंद्र यादव ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा आज का युवा समाज में परिवर्तन का सशक्त माध्यम है। स्वामी विवेकानंद को अपना आदर्श मानते हुए हमें समाज को बुराइयों से मुक्त करने के लिए समर्पित होना चाहिए। एसडीओपी मनोज मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा, यह आयोजन नशा मुक्त समाज की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है।



## आल इंडिया जमीअतुल मुशायरे में फिजूल खर्च बंद करने पर दिया जोर

**सिरोंज।** शुक्रवार की रात्रि में कुरैशी समाज जनों का जलसे का आयोजन हुआ जिसमें देर रात तक मुशायरा में उलेमाओं ने अपनी बात रखते हुए कहा कि सभी को फिजूल खर्ची पूर्ण रूप से बंद करके नेक काम करने का संदेश दिया। मो जहीर कुरेशी तहसील अध्यक्ष बनाया गया उनके द्वारा ही कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें इलाके उलमाओं ने अपनी अपनी बात रखते हुए किसी ने आले वतन में अमन चौन की बात कु किसी ने शिक्षा तालीम की बात कही किसी ने शादी में फिजूली खर्च ब रस्में न करने की बात कही। मो. जहीर कुरेशी ने साथियों के साथ मिलकर आयोजन संपन्न करवाया। मुशायरे में ग्र उलेमा निज्मत मौलाना ,साजिद, मौलाना जाहिद नदबी, मौलाना नईम अतहर, मौ. शकील, मौ. जफर, मौ. उमेर, मौ. उबेश मौलाना, उमेर मौलाना ,उस्मान मौलाना ,दानिश मौलाना, शरिक हाफिज ,शब्बीर हाफिज ब मोहल्ले के नौजवान बात पेश की।



## सिरोंज विकासखंड में पांच सौ युवाओं को आरपीएल का दिया प्रशिक्षण

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**




सिरोंज। ब्लॉक के ग्राम पंचायत में कार्ड संस्था भोपाल के माध्यम से सिरोंज विकासखंड के की ग्राम पंचायत में 500 युवाओं को संकल्प प्रोजेक्ट जी पी स्तर पर सूक्ष्म उद्यमियों को सक्षम बनाना कसप7 स्कीम के अंतर्गत 500 प्रतिभागियों को 8 दिन का अलग-अलग जब रोल में प्रशिक्षण देकर सर्टिफिकेट एवं टूल किट वितरित की गई इस प्रशिक्षण में सिलाई ब्यूटी पार्लर, ग्राहक सेवा प्रतिनिधि एवं हेल्थ केयर आदि जॉब रोल का प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण के पश्चात प्रतिभागियों का मूल्यांकन किया गया और उन्हें प्रमाण पत्र और टूल किट प्रदान की गई इस कार्यक्रम के तहत बेरखेड़ी, भोरिया, आबूढाना, एवं अन्य पंचायतें शामिल हैं

## एक साल पहले हुई चोरी का किया खुलासा, पारदी गैंग गिरफ्तार

**गंजबासौदा, दोपहर मेट्रो**

पुलिस ने एक साल पहले दिन दहाड़े हुई चोरी के मामले में शनिवार को प्रेसवार्ता में खुलासा करते हुए बताया कि 17 जनवरी 24 को फरियादी वीरसिंह रघुवंशी निवासी वार्ड क्रमांक 14 सपना पेट्रोल पंप के पीछे त्योंदा रोड ने रिपोर्ट किया दिन में कोई अज्ञात चोर मेरे घर का ताला तोड़कर सोने चाँदी के जेवर व नगदी चोरी कर ले गये हैं कि रिपोर्ट पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।

एसपी द्वारा जिले के थाना प्रभारियों को चोरी एवं नकबजनी की घटनाओं को रोकने हेतु एवं चोरों एवं नकबजनों की धरपकड़ हेतु निर्देशित किया गया है।एसडीओपी मनोज मिश्रा के



मार्गदर्शन में थानाशहर में एक टीम गठित की गई। अज्ञात आरोपियों की तलाश पतारसी के दौरान आये भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर CCTV फुटेज में आये संदेहियों की तलाश पतारसी की गई। मुखबिर सूचना पर पारदी गैंग के संदेही तीन सदस्यों से पूछताछ किया तो चोरी करना स्वीकार किया तथा आपस में बांट लेना तथा एक स्कूटी खरीदना बताया।

**मेट्रो एंकर** सीएम राइज विद्यालय लटेरी में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक उत्सव कार्यक्रम

# एफएलएन मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम पुरस्कार वितरण का किया गया आयोजन

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

लटेरी शनिवार को शासकीय सीएम राइज विद्यालय लटेरी में पुरस्कार वितरण एवं वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एसडीएम विनीत तिवारी एसडीओपी अजय मिश्रा ने सरस्वती पूजन तथा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया शुरुआत में विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसमें कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गये छात्र छात्राओं ने राष्ट्रभक्ति एवं अन्य गीतों पर सुंदर सुंदर एकल, युगल और सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किये भाषण,गायन तथा नाटक का भी छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई।

आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए प्राचार्य रामेश्वर प्रसाद शर्मा ने कहा कि अच्छी शिक्षा एवं संस्कार ही जीवन को एक नया रुप देते हैं। हमें समाज को शिक्षित एवं संस्कारित बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवारों के बढ़ने के साथ-साथ उनकी युवा



पीढ़ी को संस्कारित एवं सकारात्मक मार्ग दर्शन की आवश्यकता है। कार्यक्रमों से छात्रों में छिपी हुई प्रतिभा को निखारना आसान होता है।

बच्चों की शारीरिक,मानसिक, भाषा विकास और क्षमताओं का मूल्यांकन किया गया यहां 6 स्टॉल लगाए गए थे। 5 स्टॉल में बच्चे गतिविधियां की गई एवं एक स्टॉल में पंजीयन किया गया। अन्य 5 स्टॉल शारीरिक विकास जिसमें संतुलन बनाकर चलना कूदना और पेपर फोल्डिंग के माध्यम से क्षमताओं का आकलन किया गया। द्वितीय स्टॉल बौद्धिक विकास को लेकर था जिसमें मिलान, रंग पहचान, वर्गीकरण और क्रम से लगाना गतिविधियां की गई। तृतीय स्टॉल भाषा विकास को लेकर था। जिसमें चित्र वाचन के आधार पर प्रश्नों के जवाब देना कोई भी पांच चीज पूछी गई थी।

राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा सभी प्राथमिक स्कूलों में कक्षा एक और दो में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के शारीरिक, मानसिक, भाषा विकास, क्षमताओं का मूल्यांकन कर उन्हें दक्ष बनाए जाने के उद्देश्य से जिले के सभी शासकीय प्राथमिक स्कूलों में एफएलएन मेले का आयोजन किया गया जा रहा है। चतुर्थ स्टॉल गणित की पूर्व तैयारी को लेकर था। जिसमें आकार की पहचान जैसे त्रिभुज गोला, स्टार आदि गिनना, अंक पहचान एवं जोड़ घटना शामिल था। पंचम स्टॉल बच्चों जिसमें शारीरिक विकास जैसे रंग भरना, भाषा विकास अक्षर और सरल शब्द तथा मेरा नाम लिखना एवं सामाजिक व भावनात्मक विकास, भाव पहचान कराया गया। बच्चों की सहभागिता के आधार पर एफएलएन मेला रिपोर्ट कार्ड तैयार किया जाएगा।

### पुरस्कार वितरण

विद्यालय के उन सभी छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए गए जिन्होंने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में संभाग, जिला एवं ब्लॉक लेवल पर प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया साथ ही नियमित विद्यालय आने वाले और परीक्षाओं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया।

# बुमराह चैंपियंस ट्रॉफी ग्रुप स्टेज से बाहर हो सकते है

## पीठ में सूजन; मार्च के पहले हफ्ते तक फिट होने की उम्मीद

**चेन्नई. एजेंसी**

भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह अगले महीने होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप स्टेज से बाहर हो सकते हैं। इंडियन एक्सप्रेस के मुताबिक, बुमराह की पीठ में सूजन है। इसके लिए उन्हें बेंगलुरु में नेशनल क्रिकेट अकादमी में रिपोर्ट करने के लिए कहा गया है। यहां उनकी रिकवरी पर नजर रखी जाएगी। बुमराह को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी टेस्ट के दूसरे दिन पीठ में थोड़ी समस्या हुई थी, जिसके बाद उन्हें स्कैन के लिए ले जाया गया था। फिर वे मैच में बॉलिंग नहीं कर सके थे। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से शुरू होगी। भारत अपना पहला मुकाबला 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा।

मार्च के पहले सप्ताह तक ही पूरी तरह फिट होने की उम्मीद भारतीय सिलेक्टर्स ने शनिवार को मुंबई में इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए टीम चुनने के लिए मीटिंग की। रिपोर्ट के मुताबिक, इस दौरान उन्हें बुमराह की फिटनेस के बारे में जानकारी दी गई। सूत्र के मुताबिक, बुमराह के मार्च के पहले हफ्ते तक ही पूरी तरह फिट होने की उम्मीद है। उससे पहले वे तीन हफ्ते तक ह्रष्ट में रहेंगे। रिकवरी के बाद भी उन्हें ह्रष्ट में एक या दो मैच खेलने होंगे, भले ही वे अभ्यास मैच ही क्यों न हों, जो उनकी मैच फिटनेस देखने के लिए खेले जाएंगे।



### बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में सबसे ज्यादा 32 विकेट झटके थे

बुमराह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के टॉप विकेट टेकर बुमराह ने हाल ही में खत्म हुई ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में सबसे ज्यादा 32 विकेट झटके। बुमराह इस सीरीज के 5 मैचों में 151 ओवर फेंके। उन्होंने इस दौरान 32 विकेट लिए। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम की घोषणा में देरी ब्ष्टष्ट्ढ ने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टी-20 सीरीज के लिए शनिवार को टीम का ऐलान किया। उम्मीद थी कि इसी दिन चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भी टीम की घोषणा कर दी जाएगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम की घोषणा करने की आखिरी तारीख 12 जनवरी यानी आज है, लेकिन ब्ष्टष्ट्ढ ने ढ्ष्टष्ट से समय सीमा बढ़ाने की मांग की है। टीमों में बदलाव 12 फरवरी तक किए जा सकते हैं। सिलेक्टर्स इस बात पर विचार कर रहे हैं कि बुमराह को 15 सदस्यीय टीम में शामिल करना चाहिए या उन्हें टूर्नामेंट के लिए रिजर्व खिलाड़ियों की लिस्ट में शामिल करना चाहिए। टीम इंडिया अपने सभी मैच दुबई में खेलेगी भारत अपने सभी मैच दुबई में ही खेलेगा, टीम के ग्रुप में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड भी हैं।

**मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना**

### शेयर किया 'बंटी बबली 2' का अनुभव

## रानी मुखर्जी से पहली मुलाकात में घबरा गई थीं शरवरी वाघ



शरवरी वाघ अपनी आगामी फिल्म अल्फा को लेकर बिजी चल रही हैं। हाल ही में उन्होंने रानी मुखर्जी को लेकर कुछ बातचीत की है। शरवरी ने बताया कि रानी बहुत ही सहज और मिलनसार अभिनेत्री हैं। रानी से अपनी पहली मुलाकात को लेकर भी शरवरी ने कुछ बातें साझा की हैं। शरवरी वाघ अपनी आगामी फिल्म अल्फा के लिए शूटिंग कर रही हैं। फिल्म में आलिया भट्ट के साथ शरवरी भी नजर आने वाली हैं। उन्होंने कश्मीर में अपनी शूटिंग से कई पर्दे के पीछे की झलकियां साझा की हैं, जिससे काफी उत्साह पैदा हुआ है। रानी के साथ बंटी और बबली 2 में अपने डेब्यू को याद करते हुए, शरवरी ने अपनी पहली मुलाकात के दौरान हुई घबराहट को लेकर बात की है। शरवरी ने बंटी बबली 2 में अपने डेब्यू को याद करते हुए कहा, मैं वास्तव में बहुत घबराई हुई थी क्योंकि रानी मैम ऐसी महिला हैं, जिन्हें मैं हमेशा से देखती आई हूं। एक बच्चे के रूप में, मैं थिएटर में उनकी फिल्में देखती थी, घर वापस आती थी और उनके दृश्यों और गीतों को फिर से निभाती थी।

### रानी वैसी दिखीं जैसी उम्मीद थी

शरवरी ने बातचीत के दौरान बताया कि उन्हें और सिद्धांत चतुर्वेदी को रानी मुखर्जी के साथ अपनी पहली मुलाकात मजेदार और सहज लगी। कुछ पढ़ने और शूटिंग की तैयारी के दौरान, वे उन्हें बेहतर तरीके से जानने लगे और वह धीरे-धीरे मिलनसार होती गईं, बिल्कुल वैसी ही दिखीं जैसी उन्होंने उम्मीद की थी। शरवरी ने कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं था कि रानी डरावनी लगी थीं। उन्होंने रानी के लिए कहा, सुपरस्टार होने के बावजूद रानी ने कभी भी किसी को डराने वाला भाव नहीं दिखाया। शरवरी ने कहा कि रानी से मिलना उनके लिए किसी खुशी से कम नहीं था।



### करीना ने की शाहिद की तारीफ

## बोलीं- उनके बिना 'जब वी मेट' पूरी नहीं हो पाती

करीना कपूर ने फिल्म इंडस्ट्री में 25 साल पूरे कर लिए हैं। इसका जश्न मनाने के लिए उनके नाम पर एक फिल्म फेस्टिवल की शुरूआत की गई है। ये समारोह 27 सितंबर तक चलेगा, जिसमें करीना की कई फिल्मों को दिखाया जाएगा। इसी बीच, करीना कपूर ने एक हालिया साक्षात्कार में अपनी चर्चित फिल्म जब वी मेट को लेकर बातचीत की। बेबो की फिल्म जब वी मेट को रिलीज हुए 17 साल बीत चुके हैं। सोशल मीडिया पर इस फिल्म की अक्सर चर्चा होती रहती है। इसमें बेबो ने गीत का किरदार अदा किया था, जिसे लोग बहुत पंसद करते हैं।

एक साक्षात्कार में करीना कपूर से इसी फिल्म को लेकर पूछा गया कि उन्हें इस फिल्म और गीत के किरदार में सबसे ज्यादा क्या पसंद है। अपने जवाब में करीना कपूर ने पलक झपकने से पहले कहा कि सब कुछ। करीना ने आगे कहा कि गीत एक महत्वाकांक्षी इंसान थीं और हर कोई उसकी तरह जीना और बनना चाहता था। मालूम हो कि करीना का किरदार एक पंजाबी लड़की का होता है, जो एक दिन ट्रेन में आदित्य नाम के बिजनेसमैन से मिलती हैं, जिसके बाद उसकी जिंदगी बदल जाती है। जब वी मेट में शाहिद कपूर ने आदित्य का रोल किया था। करीना कपूर ने इस बातचीत में शाहिद की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि मैं उन्हें धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने फिल्म में बढ़िया काम किया। उन्होंने आगे कहा कि वाकई में शाहिद के बिना फिल्म पूरी नहीं हो पाती। करीना ने यह भी कहा कि जब हाल ही में, उन्होंने जब वी मेट देखी तो लगा कि ये बड़ी खास फिल्म है। जब वी मेट का निर्देशन इम्तियाज अली ने किया है। फिल्म 2007 में रिलीज हुई थी और हिट साबित हुई थी। इसके गानों को भी लोगों ने खूब पसंद किया था। जब वी मेट के बाद करीना कपूर और शाहिद कपूर ने उड़ता पंजाब फिल्म में काम किया था।







भोपाल, दोपहर मेट्रो। लिंक रोड स्थित गुलाब उद्यान में लगी गुलाब प्रदर्शनी को देखते हुए लोग - फोटो निर्मल व्यास




भोपाल, दोपहर मेट्रो। विधायक रामेश्वर शर्मा के निवास के बाहर बनाया गया राम मंदिर तथा आरती करते लोग और विधायक

# विदेशी परिंदों का ब्रीडिंग सेंटर बना भोपाल, तैयार हो रहे घोंसले

## दूधराज व इंडियन पिट सहित कई पक्षियों के जोड़े पहुंचे राजधानी, ठंड में भोपाल आते हैं

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

राजधानी और आसपास का क्षेत्र दुर्लभ बर्ड के संरक्षण के लिए वरदान साबित हो रहा है। उनके लिए ब्रीडिंग सेंटर बन गया है। देश के कई हिस्सों से पक्षियों के घोंसले की तलाश शुरू की है। यह घोंसले ग्रामीण क्षेत्रों में देखने को मिले हैं। विदेशों से आने वाले एक शहर से दूसरे शहर में घूम रहे हैं। मौसम में बदलाव के कारण ये असर नजर आए। ऐसे में ये ब्रीडिंग नहीं कर पा रहे हैं। एक्सपर्ट के मुताबिक इनके मूल क्षेत्र में ब्रीडिंग का माहौल अनुकूल है।

### आसपास के गांवों में डेरा डाला

माइग्रेटेड बर्ड ने इस साल शहर के अलावा आसपास के गांवों में डेरा डाला है। हर साल करीब 200 प्रजातियों के पक्षी यहां पहुंचते हैं इनमें से विदेशी बर्ड की करीब 35 विदेशी प्रजातियां ही चिन्हित हो पाईं। अधिकांश शहर के आसपास के हिस्सों में हैं। वन विभाग की बर्ड काउंटिंग में इसका खुलासा हुआ। **पहले बढ़े, फिर घटे:** तीन सालों की पक्षी गणना के आंकड़ों के मुताबिक पक्षियों की संख्या राजधानी में घट और बढ़ रही है। 2022 की काउंटिंग के मुताबिक 53 हजार 323, 2023 में 30 हजार 320, 2024 में 35 हजार 599 संख्या रही।



### पिछले साल की बर्ड काउंटिंग में 35 हजार प्रवासी व अप्रवासी पक्षी थे

यूरोप, अफ्रीका, रूस, साइबेरिया से सर्दी के मौसम में पक्षी राजधानी पहुंचते हैं। कई प्रजातियां दुर्लभ हैं। इनमें साइबेरिया से साइबेरियन क्रेन, अफ्रीका से डेमोसिल क्रेन यूरोप और एशिया में पाया जाने वाला व्लाइट टेल्ड ईगल शामिल है। बड़े तालाब की रामसर साइट्स के अलावा कोलार, शाहपुरा और आसपास बांधों में भी ये नजर आए, लेकिन संख्या कम है। पिछले साल की बर्ड काउंटिंग में 35 हजार प्रवासी और अप्रवासी पक्षी थे अब तक गिनती के तहत यह संख्या करीब 25 हजार है। एक्सपर्ट के मुताबिक माइग्रेटेड बर्ड दूसरे देशों से भारत आ चुके हैं। वन विभाग और ईको टूरिज्म करा रहा काउंटिंग- वन विभाग और ईको टूरिज्म पक्षियों की गणना करा रहा है। भोपाल बर्ड संस्था के मोहम्मद खालिक के मुताबिक अभी भोज वेटलैंड पर काम चल रहा है। रामसर साइट इसमें शामिल है।

## बैंककर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत




**भोपाल।** कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित स्प्रिंग व्हेली में बैंककर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव उनके घर में पड़ा मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार अभियांश दुबे पिता नारायण दास दुबे (34) फ्लैट नंबर 104, स्प्रिंग व्हेली कटारा हिल्स में रहते थे। मूलतः छतरपुर निवासी अभियांश यहां किराए के फ्लैट में अकेले रह रहे थे और राष्ट्ीयकृत बैंक में नौकरी करते थे। शुक्रवार रात उनके घर खाना बनाने नौकरानी पहुंची तो उसने अभियश को बेसुध अवस्था में देखा था। इसके बाद आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। प?ोसियों ने एंबुलेंस बुलाकर अभियांश को जय प्रकाश अस्पताल पहुंचाया था। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद अभियश को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर ने बताया कि उसकी मौत काफी देर पहले हो चुकी थी। अनुमान है कि अभियांश की मौत हार्ट अटैक से हुई है।

## मानसिक बीमार बेटे से दुखी पिता ने फांसी लगाई



**भोपाल।** स्टेशन बजरिया थाना क्षेत्र स्थित जामुन वाली गली, सांईराम कॉलोनी में पचास साल के व्यक्ति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उनके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार 50 साल के प्रताप सिंह दांगी, जामुन वाली गली, सांईराम कॉलोनी, चांदबढ़ में रहते थे। उनके परिवार में दो बेटे पत्नी और बड़ी बहू साथ रहती है। प्रताप सिंह पूर्व में राजश्री फैक्ट्री में नौकरी करते थे। इन दिनों वह बेरोजगार थे। उनके छोटे बेटे विक्रम सिंह का मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ है। परिवार उसका मनौचिकित्सक के पास इलाज करा रहे है। मानसिक संतुलन बिगड़ा होने के कारण विक्रम अक्सर उग्र हो जाता था। लिहाजा प्रताप सिंह उसे परिवार से दूर रखना चाहते थे और डेढ़ महीने पूर्व उन्होंने कॉलोनी में ही एक मकान किराए पर ले लिया था। खाना खाने के बाद वह विक्रम को लेकर किराए के मकान में चले जाते थे। शुक्रवार रात भी विक्रम को लेकर प्रताप सिंह किराए के मकान पहुंचे। बेटा बाहर था तब प्रताप ने अंदर से मकान का दरवाजा बंद किया और फांसी लगा ली। विक्रम ने खिड़की से झांककर देखा तो पिता फांसी लगा चुके थे। वह दौड़कर घर पहुंचा और परिजन को बताया। परिजन किराए के मकान में पहुंचे और खिड़की से हाथ डालकर दरवाजा खोला। इसके बाद प्रताप सिंह को लेकर हमीदिया अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### पत्नी की मौत से दुखी पति ने लगाई फांसी

हनुमानगंज थाना क्षेत्र स्थित काजी कैंप में शुक्रवार रात पुताई ठेकेदार ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वे पत्नी की मौत के बाद से तनाव में रहने लगे थे। घटना के समय वह घर में अकेले थे। मामले का खुलासा उस समय हुआ जब पड़ोस से मां घर लौटी और अपने बेटे को फंदे पर लटका देखा। सलीम चौक काजी कैंप निवासी वसीम खान (40) पुताई ठेकेदार थे लेकिन इन दिनों कोई काम नहीं कर रहे थे। परिवार में तीन बच्चे हैं। दो बेटियों की शादी हो चुकी है जबकि एक बेटा प्राइवेट काम करता है। शुक्रवार रात वसीम घर में अकेले थे। मां प?ोस में गई थीं जबकि बेटा काम से लौटा नहीं था। रात करीब साढ़े नौ बजे मां घर लौटीं तो उन्होंने वसीम को फंदे पर झूलता देखा। उनकी चीख-पुकार सुनकर नीचे वाले हिस्से में रहने वाले परिजन व पड़ोसी मौके पर पहुंचे और वसीम खान को फंदे से उतारकर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उनकी पहले ही मौत हो चुकी थी। एसआई विवेक शर्मा ने बताया कि करीब तीन-चार साल पहले बीमारी के कारण वसीम की पत्नी की मौत हो गई थी। पत्नी की मौत के बाद वह तनाव में रहने लगे थे।

### बच्चे के सामने मां ने लगाई फांसी

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित अजय नगर में शनिवार सुबह नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया है। मृतिका के मायके पक्ष के लोग सिंगरौली से भोपाल के लिए निकल गए हैं। उनकी मौजूदगी में शनिवार को शव का पीएम कराया जाएगा। पुलिस के अनुसार रामवती अहिरवार पति राहुल अहिरवार (26) अजय नगर, शाहपुरा में रहती थी। डेड़ साल पूर्व ही उसने राहुल अहिरवार से शादी की थी। राहुल जिम में सफाईकर्मी का काम करता है। राहुल के माता पिता इलाके में ही चाय की गुमठी लगाते हैं और वहीं रहते हैं। राहुल शनिवार सुबह जिम साफ सफाई करने चला गया था। वहां से साड़े 9 बजे घर लौटा तो रामवती की लाश फांसी के फंदे पर लटकी देखी। जबकि डेड़ साल का बेटा पास ही कमरे में रो रहा था।

## आयुष विभाग में टेंडर दिलाने के नाम डेढ़ करोड़ की ठगी

### महिला संविदाकर्मी पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

आयुष विभाग में पदस्थ महिला संविदाकर्मी द्वारा अपने विभाग में 65 करोड़ का टेंडर दिलाने का प्रलोभन देकर सिक्योरिटी कंपनी के संचालक से सवा करोड़ रुपए ऐंठ लिए। पुलिस की जांच में सामने आया कि 15 लाख रूपए महिला ने अपने बैंक अकाउंट में लिए हैं। कंपनी संचालक का आरोप है कि उसने 1 करोड़ 10 लाख रुपए नगद दिए है। रुपए देने के बाद उन्हें टेंडर नहीं मिला। बिलखिरिया पुलिस ने शिकायत की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। थाना प्रभारी उमेश चौहान ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना कोकता आरटीओ के पास रहने वाले धर्मवीर सिंह सेंगर सिक्युरिटी कंपनी चलाते हैं। उनकी कंपनी सेंगर सिक्युरिटी एंड सर्विसेज ऑल इंडिया में काम करती है। कंपनी ने गत वर्ष 2023 में मध्य प्रदेश आयुष विभाग में टेंडर डाला था। टेंडर दिलाने का प्रलोभन 9 बी-साकेत नगर निवासी प्रगति श्रीवास्तव पति चन्द्रप्रकाश श्रीवास्तव ने किया। प्रगति ने उन्हें विश्वा में लिया और कहा कि उनकी आयुष विभाग में अधिकारियों से पहचान है। प्रगति उनसे दो-तीन बार मिलीं और सेंगर का आयुष विभाग में पेंडिंग बिलों का भुगतान करवा दिया। वह आयुष विभाग में सिक्युरिटी एवं मेन पावर का काम दिला देंगी। इसके एवज में सेंगर से उन्होंने सवा करोड़ रुपए की मांग की थी। दरसअल, सेंगर को आयुष विभाग में 60 करोड़ का ठेका मिलने वाला था। ऐसे में उन्होंने प्रगति की बात स्वीकार ली। बात तय होने के बाद प्रगति श्रीवास्तव ने उन्हें बैंक अकाउंट नंबर देते हुए अकाउंट में 15 लाख रुपए ले लिए। प्रगति श्रीवास्तव ने कहा कि टेंडर प्रोसेस में है और आपकों ही मिलेगा, लेकिन 1 करोड़ 10 लाख रुपए नगद देने पड़ेगे। यह राशि शिकायतकर्ता ने अपने दोस्तों से इकट्ठा कर आरटीओ ऑफिस कोकता के पास 11 अक्टूबर 2023 को प्रगति श्रीवास्तव को दी थी।

## इलेक्ट्रानिक गोदाम में लगी आग से लाखों का नुकसान

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

बैरसिया रोड स्थित ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र में एक इलेक्ट्रानिक गोदाम में आग लग गई, जिससे गोदाम में रखा लाखों रुपए का माल जलकर खाक हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दमकलों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। हालांकि तब तक ज्यादातर सामान जल चुका था। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण बिजली के मीटर के पास शार्ट सर्किट होना बताया जा रहा है, जबकि सही कारणों का खुलासा जांच के बाद ही हो पाएगा। घटनास्थल के पास ही एक निजी अस्पताल है। आग बड़ले अथवा गोदाम में रखे सिलेंडर में ब्लास्ट होता तो बड़ा हादसा हो सकता था। फायर फाइटर पंकज यादव ने बताया कि बैरसिया रोड स्थित आरोग्य निधि अस्पताल के पास साजिद अली की लक्की इंटरप्राइजेसे के नाम इलेक्ट्रानिक दुकान और गोदाम है। इस गोदाम में एसी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, एलसीडी, कूलर, पंखे, वाटर हीटर समेत अन्य सामान रखा हुआ था। शुक्रवार शाम को दुकानदार गोदाम पर ताला लगाकर अपने घर चले गए थे। देर रात एसआई अजय चंद्रवंशी और हेड कांस्टेबल अरविंद जाट इलाके में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें दुकान से पहले धुआं निकलता दिखाई दिया।

**मेट्रो एंकर** | साधु वासवानी स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का समापन

## जिम्मेदार एवं संस्कारवान नागरिक बनाएं विद्यालय : सिद्धभाऊ

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्कूल में वार्षिक खेल प्रतियोगिता एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। समापन समारोह संतजी के शिष्य सिद्धभाऊ और सेवानिवृत्त कर्नल नारायण पारवाणी शामिल हुए। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में शिक्षाविद विष्णु गेहानी ने कहा कि सिद्धभाऊजी के लगातार मार्गदर्शन से साधु वासवानी स्कूल के बच्चों ने बोर्ड परीक्षाओं की प्रावीण्य सूची में अपना नाम दर्ज कराने का रिकॉड बनाया है। सिद्धभाऊजी ने कहा कि के शिक्षा देना विद्यालयों का दायित्व नहीं है, बल्कि एक जिम्मेदार और संस्कारवान नागरिक बनाना विद्यालयों को दायित्व है। उन्होंने कहा संतजी के प्रेरणा से संचालित स्कूलों का फोकस शिक्षा के साथ संस्कार का रोपण करना रहा है। उन्होंने बच्चों से कहा कि स्वस्थ रहने के लिए संतुलित आहार के साथ-खेल भी जीवन का जरूरी है। खेलों से शारीरिक व मानसिक विकास होता है। कर्नल पारवानी ने कहा कि आप अपनी कार्यक्षमता के अनुसार अपने शरीर का ख्याल रखें व नियमित दिनचर्या बनाकर चलेंगें तो आपका शरीर फिट रहेगा। **सांस्कृतिक कार्यक्रम :** इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने अनेकता में एकता को दर्शाते हुए सभी प्रांतों को एक सूत्र में जो?ते हुए कश्मीर से लेकर कन्या कुमारी तक सिंधी संप्रदाय, राजस्थानी एवं पंजाबी नृत्य के साथ एरोबिक्स डांस किया।



**प्रदर्शनी में मॉडल प्रदर्शित:** प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति, हाइड्रोलिक डेम, स्मार्ट सिटी, न्सूक्लीयर प्लॉट, हिमोडायलिसिस, एसीटेन, विलेज एवं आर्ट एण्ड कॉफ्ट में टूटी कुर्सियों से सोफा, न्यूज पेपर से कॉफ्ट मटेरियल, जूट से फ्लावर पोर्ट बनाकर प्रदर्शित किए।

### गुरूनानक मंडल ने ने श्रीराम मंदिर प्रांगण में किया आयोजन

## श्रीराम मंदिर की प्रथम वर्षगांठ पर आतिशबाजी, कुंभ की बधाई

**हिरदाराम नगर. दोपहर मेट्रो।**



अयोध्या में श्रीराम मंदिर की स्थापना की पहली वर्षगांठ पर बच्चों ने स्वामी विवेकानंदजी वेशभूषा में रंगोली बनाकर दीप जलाएं एवं आरती की। कार्यक्रम का आयोजन राम नगर स्थित राम मंदिर प्रांगण में गुरुनानक मण्डल ने किया था। मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा, राम मंदिर की प्रथम वर्षगांठ एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो हमें भगवान राम के आदर्शों और मूल्यों को याद दिलाता है। मुकेश सोलंकी ने कहा यह आयोजन न केवल श्रीराम मंदिर की वर्षगांठ के अवसर पर मनाया जा रहा है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत और धार्मिक परंपराओं को भी प्रदर्शित करता है। इस अवसर पर भगवानदास ढालिया ने कहा कि प्रयागराज में प्रारंभ हो रहे महाकुंभ के निर्विधन सफलता के लिए प्रभु से प्रार्थना की गई है। इस मौके पर महेश मकवाना, संदीप कल्याणे, सुनील सराठे, पीसी कनजीं, राजा शर्मा, शारदा प्रसाद बम्मन, नितिन बम्मन, दीपचंद तिवारी, सुनील शुक्रवारे, पाना बाई,जीवनलाल घोसरे, राज मकोरिया सहित बड़ी संख्या मे मातृ शक्ति उपस्थित थी।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022